पाठ 10. बंदर की गलती

पाठ का उद्देश्य

इस कविता के माध्यम से बच्चों को यह बात समझ आ जाएगी कि लालच बुरी बला है। उनमें स्वयं ऐसी गलती न करने की जागरूकता आएगी। कविता याद करने से उनकी स्मरण-शक्ति का विकास होगा। कविता सुनाने से उनके उच्चारण में लयात्मकता आएगी तथा हाव-भाव सहित प्रस्तुत करने से उनमें कलात्मकता का भी विकास होगा।

- अध्यापक/अध्यापिका बच्चों को कविता याद करके सुनाने को कहें।
- उनके उच्चारण पर ध्यान दें।
- बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाएँ।
- चार-पाँच बच्चों के समूह बनाकर उन्हें इसे समूहगान के रूप में गाने को कहें।

इस गतिविधि से बच्चों की भाषा संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। कविता को लयबद्ध करके सुनाने से उनकी संगीत एवं लय संबंधी तथा शारीरिक क्रिया संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा।